an>

Title: Need to take steps for benefit of 'B' Grade petrol pumps allotted by Petrolum Corporation.

श्रीमती ज्योति धुर्वे (बैतूल) : माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से पैट्रोलियम कॉरपोरेशन में होने वाली अनियमितताओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं। वर्ष 1980 और 1989 में आरक्षण श्रेणी में बी ग्रेड पंपों का आबंटन किया गया था लेकिन उस बी ग्रेड श्रेणी के अन्तर्गत आबंटित किये गये पंपों को आज कॉरपोरेशन कंपनी द्वारा उपेक्षित दृष्टि से देखा जा रहा है। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Don't read. Just tell what you wanted to say. You are allowed to say within one minute.

श्रीमती ज्योति धुर्वे : सभापति जी, लगातार तीस वर्षों से पैट्रोलियम कंपनी को इन्होंने लाभ दिया लेकिन आज उनको जो अतिरिक्त बोझ वहन करना पड़ रहा है, आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं कि इन बी ग्रेड पंपों को उन पंपों के बराबर रखा जाए जहां पर इन्हें विशेष ध्यान देकर इन्हें लाभान्वित किया जाए।